**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक– 09 नवम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बनारस रेलवे स्टेशन से चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को किया रवाना। कहा– भारतीय रेलवे की अगली पीढ़ी की नींव हैं वन्दे भारत, नमो भारत और अमृत भारत रेलगाड़ियां।
- केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वाराणसी में तीन रेलवे स्टेशनों का किया निरीक्षण। कहा– यात्री सुविधा विस्तार के लिए बनेगा मास्टर प्लान।
- मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने की विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा। कहा– पन्द्रह नवम्बर तक शत–प्रतिशत वितरित कर दिये जाएं गणना प्रपत्र।
- वाराणसी में अग्निवीर भर्ती रैली हुई शुरू। रैली में बारह जिलों के अभ्यर्थी कर रहे हैं प्रतिभाग।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में कल बनारस रेलवे स्टेशन से चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इनमें वाराणसी–खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस को प्रधानमंत्री ने बनारस रेलवे स्टेशन से रवाना किया, जबकि दिल्ली–फिरोजपुर, लखनऊ–सहारनपुर और एर्नाकुलम–बेंगलुरू वंदे भारत एक्सप्रेस को उन्होंने वर्चुअली झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे भारत, नमो भारत और अमृत भारत रेलगाडियां भारतीय रेलवे की अगली पीढ़ी की नींव रख रही हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत बनाने में यह ट्रेने 'मील का पत्थर' साबित होंगी।

***आज देश के अलग–अलग हिस्सों में नई वंदे भारत ट्रेनों की शुरुआत हो रही है। काशी से खजुराहो वंदे भारत के अलावा फ़िरोजपुर–दिल्ली वंदे भारत लखनऊ–सहारनपुर वंदे भारत और एर्नाकुलम–बेंगलुरु वंदे भारत इसको भी हरी झंडी दिखाई गई है। इन चार नई ट्रेनों के साथ ही अब देश में 160 से ज्यादा नई वंदे भारत ट्रेनों का संचालन होने लगा है।***

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के विकास ने पर्यटन के अधिक अवसर खोले हैं। काशी में बुनियादी ढांचे का विकास तेज़ी से हो रहा है।

***बीते 11 वर्षों में, यूपी में हुए विकास कार्यों ने तीर्थाटन को एक नए स्तर पर पहुंचा दिया है। पिछले साल बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए 11 करोड़ श्रद्धालु काशी आए थे। अयोध्या में 6 करोड़ से ज्यादा लोग रामलला के दर्शन कर चुके हैं। अब बनारस के सैकड़ों नौजवान, अब ट्रांसपोर्ट से लेकर बनारसी साड़ियों तक, हर एक चीज में नए–नए व्यापारों को शुरू कर रहे हैं।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि महामना कैंसर अस्पताल और शंकर नेत्रालय अस्पताल मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं।

***हमारी सरकार का प्रयास काशी में स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार सुधार का भी है। महामना कैंसर अस्पताल, शंकर नेत्रालय, बीएचयू में बना अत्याधुनिक ट्रॉमा सेंटर, ये सारे अस्पताल आज काशी, पूर्वांचल समेत आसपास के राज्यों के लिए भी वरदान बने हैं। इन अस्पतालों में आयुष्मान भारत और जनऔषधि केंद्र की वजह से आज गरीबों को लाखों लोगों के करोड़ों रुपयों की बचत हो पा रही है।***

प्रधानमंत्री ने इस दौरान वाराणसी–खजुराहो वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन में सवार बच्चों से संवाद भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव मौजूद रहे।

**********

प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई चार वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों में दो ट्रेने उत्तर प्रदेश को मिली हैं। इनमें वाराणसी–खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन वाराणसी, प्रयागराज, चित्रकूट समेत प्रतिष्ठित धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों को जोड़ेगी। इस ट्रेन का कल प्रयागराज, चित्रकूट और खजुराहो पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। वहीं लखनऊ–सहारनपुर वंदे भारत ट्रेन सात घंटे 45 मिनट में यात्रा पूरी करेगी। यह ट्रेन लखनऊ से सीतापुर, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, बिजनौर, होते हुए सहारनपुर पहुंचेगी।

**********

बनारस–खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के उद्घाटन समारोह में भाग लेने वाराणसी आये केन्द्रीय रेल और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल बनारस स्टेशन, वाराणसी कैंट, और काशी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि तीनों स्टेशनों को मिलाकर मास्टर प्लान बनाया जायेगा, जिसमें यात्रियों की सुविधाओं पर विशेष फोकस होगा।

***आज करीब 150 गाड़ियां वाराणसी शहर के विभिन्न स्टेशंस पर आती है। कैसे इसको 400–500 की तरफ बढ़ाया जाए जिससे कि आगामी वर्षों में ज्यादा से ज्यादा गाड़ियां चला सके। ज्यादा से ज्यादा लोग जो आना चाहते हैं, काशी में जो हमारा बहुत ही बड़ी समृद्ध आध्यात्मिक संस्कृति है, उसके लिए आना चाहते हैं तो कैसे हम कैपेसिटी बढ़ाएं? इस पर पूरी विस्तृत चर्चा हुई फील्ड में जाकर बनारस स्टेशन, काशी स्टेशन और वाराणसी कैंट स्टेशन।***

श्री वैष्णव ने बरेका का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार और महाप्रबंधक बरेका सोमेश कुमार मौजूद रहे।

**********

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा है कि राज्य में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत सभी जिलों में पन्द्रह नवम्बर तक गणना प्रपत्र शत प्रतिशत वितरित कर दिये जाएं। इस कार्य में किसी भी स्तर की लापरवाही पाये जाने पर कठोर कार्रवाई की जायेगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कल जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने की प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए। कोई भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल नहीं होना चाहिए।

**********

वाराणसी के छावनी स्थित रणबांकुरे मैदान में कल कड़ी सुरक्षा के बीच भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती रैली की शुरूआत हुई। सेना भर्ती कार्यालय की ओर से आयोजित यह रैली 21 नवंबर तक चलेगी। कार्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने बताया कि इस भर्ती रैली में 12 जिलों आजमगढ़, बलिया, चन्दौली, देवरिया, गाजीपुर, गोरखपुर, जौनपुर, मऊ, मिर्जापुर, भदोही, सोनभद्र और वाराणसी के अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। पहले दिन क्लर्क/ट्रेडमैन पद के लिए एक हजार 28 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था, जिनमें से 844 अभ्यर्थियों ने दौड़ में भाग लिया। अगले दिन नौ नवम्बर को टेक्निकल पदों और शेष बचे क्लर्क पद के लिए एक हजार तीस अभ्यर्थी भर्ती रैली में शामिल होंगे। दस नवम्बर को केवल टेक्निकल पदों के लिए और आखिरी चरण में ग्यारह नवम्बर से इक्कीस नवम्बर तक जनरल ड्यूटी पदों के लिए भर्ती की जायेगी।

**********

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती के साथ, बाइस सितंबर को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव से देश भर के नागरिकों को लाभ हुआ है। हमारे संवाददाता बता रहे हैं कि हस्तशिल्प क्षेत्र में जीएसटी की नई दरों से नागरिकों को कैसे लाभ हो रहा है।

***नए जीएसटी सुधारों के अंतर्गत कई हस्तशिल्प वस्तुओं पर करों में कटौती की गई है जिससे कारीगरों, व्यापारियों और उपभोक्ताओं को राहत मिली है। इन सुधारों के तहत, लकड़ी, पत्थर और धातुओं से बनी मूर्तियों पर कर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। कर कटौती में पेंटिंग, हस्तनिर्मित मोमबत्तियाँ, लकड़ी के नक्काशीदार उत्पाद और मिट्टी व टेराकोटा से बने बरतन जैसी वस्तुएँ भी शामिल हैं। इसके अलावा कपास और जूट से बने हैंडबैग और शॉपिंग बैग पर कर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। नए जीएसटी सुधारों से उपभोक्ता भारतीय हस्तशिल्प को आसानी से खरीद पा रहा है। रोहन के साथ अमन यादव आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

स्टाम्प एवं पंजीयन विभाग अपने ऑनलाइन पोर्टल के लिये क्लाउड सर्वर को बदल रहा है। इसके लिये कल से प्रदेश भर के उप निबंधक कार्यालयों में सम्पत्ति रजिस्ट्री के कार्य रोक दिये गये हैं। यह कार्य ग्यारह नवम्बर तक रूके रहेंगे।

**********

उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीच्यूट ऑफ फोरेंसिक साइंस दस नवम्बर से लखनऊ में साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल फोरेंसिक विषय पर राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र नई दिल्ली के सहयोग से पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चौदह नवम्बर तक चलेगा। संस्था के अपर निदेशक राजीव मलहोत्रा ने बताया है कि प्रशिक्षण में उत्तर प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों–दिल्ली, केरल, तेलंगाना, असम, छत्तीसगढ़, गोवा, मध्य प्रदेश और ओडिशा के उपनिरीक्षक से लेकर उपाधीक्षक स्तर के पुलिस अधिकारी शामिल होंगे।

**********